प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. वाराणसी में श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर से सटी दो इमारतें ढहने से एक महिला की मौत, 9 घायल : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंडलायुक्त से बात कर जाना पीड़ितों का हाल।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पारिवारिक संपत्ति विभाजन और संपत्ति व्यवस्थापन की प्रक्रिया का सरल करते हुए स्टाम्प शुल्क पांच हजार रुपये तय करने के दिए निर्देश।
3. मुख्यमंत्री आज दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे अयोध्या : श्री रामलला के दर्शन–पूजन के बाद विकास कार्यों और कानून–व्यवस्था की समीक्षा की।

और

4. पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरूष हॉकी टीम आज रात सेमीफाइनल में जर्मनो से करेगी मुकाबला : भारतीय टीम में शामिल वाराणसी के ललित उपाध्याय के घर वाले कर रहे जीत की कामना।

————————

वाराणसी में श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर से सटी दो इमारतें ढहने से एक महिला की मौत हो गई जबकि 9 अन्य घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना के बारे में वाराणसी के कमिश्नर कौशल राज शर्मा से बात की और प्रभावित लोगों की मदद करने को कहा। यह घटना तड़के

हुई जब भारी बारिश के कारण दो पुरानी इमारतें ढह गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल–एनडीआरएफ, डॉक्टर और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंचीं सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वाराणसी के कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर के पास पुराने और जर्जर मकानों के मालिकों को अपनी सुरक्षा के लिए अगले दो या तीन महीने के लिए दूसरे स्थानों पर शिफ्ट होने को कहा गया है। बाइट...........

*दो तीन महीने आगे दिक्कत ना आए इसलिए हम लोग प्रयास कर रहे हैं की जिनके भी मकान डिरिपेयर है वे repair maintain करवा ले। उन्हें को रोका टोकी करे तो उनको एक helpnumber जारी है VDA से मैं करवा दे रहा हूँ। साथ ही साथ नगर निगम के माध्यम से जो properties पचास के आसपास चिन्हित है उनको notices करवा रहे हैं की वो वही दिनों दूसरे मकान में रहे और जब मकान की मरम्मत हो जाए तब वापिस अपने मकान में shift करे मुआवजा dueprocess में जितना भी है वो आज ही दिलवाया जाएगा। साथ ही जो घायल है उनका free उपचार कराया जा रहा है उसका भी मुआवजा का जो प्रावधान है वो दिलवाया जाएगा। मकान के मुआवजे का जो प्रावधान है वो भी दिलवाया जाएगा।*

————————————

पांच हजार रुपये के स्टाम्प शुल्क के साथ अपनी अचल संपत्ति को रक्तसंबंधियों के नाम करने की बड़ी सहूलियत देने के बाद उत्तर प्रदेश में अब पारिवारिक विभाजन और व्यवस्थापन में भी बड़ी सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि एक परिवार के सदस्यों के बीच अचल संपत्ति के बंटवारे और जीवित व्यक्ति द्वारा अपनी संपत्ति को अपने परिवारीजनों के नाम करने पर देय स्टाम्प शुल्क भी 5,000 रुपये तय किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक खर्च के कारण अक्सर परिवार में विभाजन से विवाद की स्थिति बनती है और कोर्ट केस होते हैं। न्यूनतम स्टाम्प शुल्क होने से परिवार के बीच सेटलमेंट आसानी से हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में हुई बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने आम आदमी के ईज़ ऑफ़ लिविंग के लिए अनेक प्रयास किये हैं। संपत्ति विभाजन और व्यवस्थापना प्रक्रिया में सरलीकरण से लोगों को और सुविधा होगी।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दो दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला का दर्शन–पूजन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने आयुक्त सभागार में विकास कार्यों और कानून–व्यवस्था की समीक्षा के लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगे। इसके बाद विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे। मुख्यमंत्री कल दिगम्बर अखाड़ा में ब्रह्मलीन परमहंस रामचन्द्र महाराज की मूर्ति का अनावरण

एवं भण्डारा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद अम्बेडकरनगर के लिए रवाना होंगे।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए नई नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में आज लखनऊ में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक मंडल एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना साकार हो गयी है। अब एक जिला एक विश्वविद्यालय का लक्ष्य तय करना है।

मुख्यमंत्री योगी ने बैठक में कहा कि पिछले सात वर्षों में सभी 18 मंडलों में विश्वविद्यालयों की स्थापना हो चुकी है या निर्माण कार्य जारी है। मंडलों के बाद अब हमारा लक्ष्य एक जिला–एक विश्वविद्यालय का होना चाहिए। वर्तमान में 35 जनपदों में विश्वविद्यालय की उपलब्धता है, शेष जिलों में विश्वविद्यालयों के लिए निजी क्षेत्र बड़ा सहयोगी बन सकता है। उच्च शिक्षा में निजी क्षेत्र के वित्तपोषण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। श्री योगी ने कहा कि उच्च शिक्षा में निजी निवेश पर अन्य राज्यों की नीति का अध्ययन करें। स्टेकहोल्डर्स से संवाद करें और जल्द उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति तैयार कर प्रस्तुत करें। नई नीति में निवेशकों को स्टाम्प ड्यूटी में छूट, कैपिटल सब्सिडी आदि प्रोत्साहन को स्थान दें। नई नीति में

आकांक्षात्मक जनपदों में विश्वविद्यालयों की स्थापना पर अतिरिक्त प्रोत्साहन का प्रावधान होना चाहिए।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

—————————

अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एयरपोर्ट से सिटी बस सेवा शुरू की गई है। एयरपोर्ट से लता चौक तक तीन सिटी ई बस चलेंगी। इस सिटी बस सवा से स्थानीय यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। यह बसें महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से नाका, सहादतगंज, रिकाबगंज चौराहा, नियावां होते हुए पूरे राम पथ को कवर कर राम मंदिर के सामने लता चौक पहुंचेगी। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, कमिश्नर गौरव दयाल,

आईजी प्रवीण कुमार, डायरेक्टर एयरपोर्ट विनोद कुमार ने आज एयरपोर्ट से सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया।

———————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं उद्यमिता विकास में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार वितरित करेंगी। इसके लिए राज्य निदेशालय, एसएसडीएम, आरडीएसडीई और उद्यमिता के विभिन्न संस्थान पांच श्रेणियों में प्रशिक्षकों और मास्टर प्रशिक्षकों का नामांकन भेज सकते हैं। नामांकन 10 अगस्त 2024 तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भेजे जा सकते हैं।

———————————

प्रयागराज के हंडिया तहसील के भदवा गांव में दूषित पानी पीने से दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग बीमार पड़ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में एक कुएं का दूषित पानी पीने से लाग बीमार पड़े हैं। इस बारे में सीएमओ डॉक्टर आशु पाण्डेय ने कहा कि गांव में स्वास्थ्य महकमे की टीमों को भेजा गया है। गांव में स्थित कुएं के जल का सैंपल लिया जाएगा और ग्रामीणों का परीक्षण भी कराया जाएगा। एसडीएम हंडिया दिग्विजय सिंह ने कहा कि गांव में 15 दिनों से लोग बीमार

चल रहे हैं। मामले की जांच कराई जाएगी और जो दोषी होंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

————————

पेरिस ओलंपिक में आज भारत के नीरज चोपड़ा ने पुरूषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने पहले ही प्रयास में नवासी दशमलव तीन चार मीटर का थ्रो किया। इसके अलावा महिलाओं की 50 किलोग्राम वर्ग की कुश्ती में विनेश फोगाट ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। विनेश ने क्वॉटर फाइनल मुकाबले में यूक्रेन की उकसाना को सात, पांच से हराया। वहीं भारतीय पुरूष हॉकी टीम आज रात सेमीफाइनल में तीन बार की ओलम्पिक चैम्पियन जर्मनो से मुकाबला करेगी। भारतीय टीम में शामिल वाराणसी के ललित उपाध्याय के परिजन भगवान से जीत की कामना कर रहे हैं। ललित उपाध्याय के भाई नीतिन उपाध्याय ने कहा कि इस बार भारत की टीम गोल्ड मेडल जीतेगी। बाइट.......

*भगवान से हम लोग की प्रार्थना है कि आज का match जीतें फिर उसके बाद ये लोग final में पहुंचेंगे फिर final में तो एक medal पक्का है, उतना team पर दबाव नहीं रहेगा और बस आज की भगवान से प्रार्थना है कि आज के match जीत कर final तक पहुंचे। अपना record तोड़े इस बार gold लेकर आए India।*

————————

प्रदेश के कई जनपदों में बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। कई जगहों पर नदियों का पानी गांवों में दाखिल हो चुका है। प्रदेश में गंगा नदी बदायूं और केन नदी बांदा में खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई है। गंगा नदी का जलस्तर वाराणसी समेत मिर्जापुर, गाजीपुर और बलिया में बढ़ रहा है। प्रशासन की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरित की जा रही है।

उधर, मौसम विभाग की ओर से कल झांसी, ललितपुर और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई हैं।

(समाप्त)